सेंट मारग्रेट सी. सै. स्कूल

सैंपल पेपर

वार्षिक परीक्षा

विषय– हिंदी

कक्षा- 4

नाम: ___________________________ **रोल नo:** _________

समय: 1.5 घंटे **अंक: 40**

(अपठित बोध)

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए: - 1x5=5

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को घोड़ों की परख थी। एक बार घोड़ों का एक व्यापारी उनके पास आया। उसके पास दो घोड़े थे। दोनों एक जैसे दिखते थे। व्यापारी अपने दोनों घोड़ों को बेचना चाहता था। उसने दोनों घोड़ो की प्रशंसा की और लक्ष्मीबाई से उन्हें खरीदने का आग्रह किया। व्यापारी को विश्वास था कि उसके दोनों घोड़े अच्छी कीमत में बिक जाएँगे। लक्ष्मीबाई ने दोनों घोड़ों की जाँच करने के बाद एक घोड़ा पसंद कर लिया। उन्होंने उसकी अच्छी कीमत लगाई। लेकिन उन्होंने दूसरे घोड़े की पहले घोड़े से आधी ही कीमत लगाई। उन्होंने कहा "एक जैसी दिखने वाली दो चीज़ों की कीमत भी एक जैसी हो, यह जरूरी नहीं है। पहला घोड़ा उत्तम कोटि का है, लेकिन दूसरा घोड़ा बीमार है।"

क) रानी लक्ष्मीबाई को किसकी अच्छी परख थी?

i) घोड़ों ii) बिल्ली iii) हिरन iv) शेर

ख) व्यापारी के दोनों घोड़े कैसे दिखते थे?

i) काले ii) मोटे iii) सफ़ेद iv) एक जैसे

ग) पहला घोड़ा कौन सी कोटि का था ?

i) निम्न ii) उत्तम iii) बड़ी iv) छोटी

घ) व्यापारी ने लक्ष्मीबाई से क्या आग्रह किया ?

ङ) व्यापारी के पास कितने घोड़े थे ?

(व्याकरण)

प्र.2 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए: - 1x7=7

क) जो धोखा देता है: -

i) धोखेबाज़ ii) चालबाज़ iii) रंगबाज़ iv) समझदार

ख) विदेश में रहने वाला: -

i) विदेशी ii) ग्रामीण iii) नागरिक iv) स्वदेशी

ग) आयु का सही पर्यायवाची शब्द बताइए: -

i) वज़न ii) कद iii) रंग iv) उम्र

घ) ईश्वर का सही पर्यायवाची शब्द नही है: -

i) भगवान ii) प्रभु iii) ईश iv) दोस्त

ङ) सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए: -

i) बेमार ii) बिमार iii) वीमार iv) बीमार

च) दीपक अच्छा लड़का है। इस वाक्य में विशेषण बताइए: -

i) दीपक ii) अच्छा iii) लड़का iv) कोई नहीं

छ) सही वर्तनी वाला शब्द चुनिए: -

i) मुर्ख ii) मुरख iii) मूर्ख iv) मूरख

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: - 1 X 3 = 3

1. एक जैसा अर्थ बताने वाले शब्द क्या कहलाते है ?
2. संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताने शब्द क्या कहते हैं ?
3. 'बादल' शब्द से दो नए शब्दों का निर्माण करिए |

(साहित्य)

प्र.4 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: - 1 x 5 = 5

जब हवा-बारिश में तैरती हुई ये थैलियाँ

घोंटती है नालियों का गला,

तो गटर का पानी उबल- उबलकर

फैलाता है विषैली हवा।

क) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है ?

ख) नालियों का गला कौन घोंटती है?

ग) गटर का पानी उबल -उबल कर क्या विषैली फैलाता है?

i) हवा ii) दवा iii) गला iv) जल

घ) घोटती शब्द का उचित अर्थ है: - ____________________

i) दबाना ii) पकाना iii) खाना iv) नहाना

ङ) पानी का पर्यायवाची शब्द चुनिए: -

i) जल   ii) फल   iii) कल   iv) नल

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए: -

क) मुल्ला नसीरुद्दीन किसके साथ थे ? वह कहाँ रुके थे ? 2

ख) गुरजस-भवजस को पिंड क्यों अच्छा लगने लगा ? 2

ग) युवक स्टेशन पर किसे ढूँढ रहा था ? युवक के हाथ में क्या सामान था ? 3

घ) काम का आदर करो पाठ से हमें क्या सीख मिलती है? 3

प्र.6 क) शब्दों से वाक्य बनाइए (कोई दो): - **2**

क) सम्मान

ख) इकट्ठे

ग) जिज्ञासा

ख) अर्थ लिखिए **1**

महक या समाज -सुधारक

प्र.7 रिक्त स्थान भरिए: - **1**

धोती कुरता पहने एक ______________ युवक की मदद करने आए।

प्र.8 किसने कहा ? किससे कहा ? **1**

हमें अपना काम स्वयं करने की कोशिश करनी चाहिए।

(लेखन)

प्र.9 आगरा में अपने चाचा के बेटे के विवाह पर जाने के लिए प्रधानाचार्य जी को अवकाश के लिए पत्र लिखिए|

या

शब्दों की सहायता से कहानी पूरी कीजिए : **5**

हथौड़ी, मक्खी, मौसम, दुश्मन, बेहोश बुद्धिमान, दाँत, बंदर, नींद, गुस्सा,

एक सेठ था। उसने एक बंदर पाला हुआ था। सेठ को वह (i) ________________ बहुत प्रिय था। सेठ समझता था कि बंदर बहुत (ii) ______________ है। परंतु बंदर तो बंदर ही होता है। गरमी का (iii)__________________था। एक दिन सेठ

गहरी (iv)_______________में सो रहा था। बंदर उसे पंखा झल रहा था। अचानक एक मक्खी आई और सेठ के पेट पर बैठ गई। बंदर ने उस मक्खी को बार-बार उड़ाया किंतु वह कभी सेठ के हाथ पर बैठती, तो कभी पाँव पर। कभी पेट पर बैठती, तो कभी सिर पर। बंदर को (v) ________________आ गया। वह दूसरे कमरे से (vi)_______________उठा लाया। उस समय (vii)_________________सेठ की नाक पर बैठी थी। बंदर ने उसी समय पूरी ताकत से नाक पर हथौड़ी मारी। मक्खी तो उड़ गई परंतु बेचारे सेठजी की नाक का भुरता बन गया और उनका एक (viii) ___________________भी टूट गया। दर्द के कारण सेठ जी(ix)_____________ हो गए। सच ही कहा गया है कि मूर्ख दोस्त से बुद्धिमान (x)___________________अच्छा है।